# नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। गुरुवार, 18 जुलाई 2019

सिटी हलचल

## आईआईएसआर को मिला पहला पुरस्कार



एनबीटी, लखनऊ : भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान(आईआईएसआर) के 91वें स्थापना दिवस पर भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान को राजश्री टंडन राजभाषा पुरस्कार योजना 2017-18 के तहत पहला पुरस्कार मिला है। संस्थान के निदेशक डॉ.अश्विनी दत्त ने बताया कि यह पुरस्कार संस्थान को हिंदी भाषा में बेहतरीन काम करने के लिए दिया गया है।

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण
लखनऊ
बृहस्पतिवार ● 18 जुलाई ● 2019

# गन्ना अनुसंधान संस्थान राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित

आलमबाग-लखनऊ (एसएनबी)। राष्ट्रीय कृषि विज्ञान परिसर नई दिल्ली में आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में देश के लगभग 40 से अधिक संस्थानों के साथ पर्तिस्पर्धा करते हुए भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ को बड़े संस्थानों की श्रेणी में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी का सर्वाधिक प्रयोग करने के लिए राजर्षि टंडन राजभाषा पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। संस्थान में राजभाषा प्रभारी व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एके साह ने पुरस्कार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रति वर्ष संस्थान द्वारा विभिन्न प्रकार के रोचक तथा बौद्धिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। साथ ही छमाही अंतराल पर पत्रिका इक्षु का प्रकाशन किया जाता है। संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न तकनीकों पर उत्कृष्ट साहित्य भी हिंदी में प्रकाशित किए जाते हैं। इन सभी प्रयासों को सराहते हुए लखनऊ संस्थान को यह पुरस्कार दिया गया है। स्थापना दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह में रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी, उत्तर प्रदेश एवं पूर्व सचिव कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग, भारत सरकार प्रोफेसर पंजाब सिंह व सचिव, शिक्षा विभाग कृषि अनुसंधान, भारत सरकार एवं महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद डॉ. त्रिलोचन सिंह और उप महानिदेशक (कृषि प्रसार), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एवं निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली डॉ. एके सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में डॉ. अश्वनी दत्त पाठक, निदेशक, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ संग राजभाषा हिंदी अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने पुरस्कार प्राप्त किया।



पुरस्कार प्राप्त करते निदेशक अश्वनी दत्त पाठक।